2.2 कर प्रशासन

प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग, शासन स्तर पर राज्य आबकारी विभाग के प्रशासकीय प्रमुख हैं। आबकारी आयुक्त (आब.आयु.) विभाग प्रमुख हैं एवं जिनकी सहायता के लिये मुख्यालय, ग्वालियर पर एक अपर आबकारी आयुक्त, तीन उपायुक्त आबकारी (उप.आब.), संभागों में सात उप.आब., सभांगीय उड़नदस्ता, जिलों में 15 सहायक आबकारी आयुक्त (सहा.आब.आयु.) तथा 54 जिला आबकारी अधिकारी (जिला आब.अधि.) हैं। जिला कलेक्टर जिले में आबकारी प्रशासन का नेतृत्व करता है तथा मदिरा एवं अन्य मादक द्रव्यों के फुटकर विक्रय की दुकानों के व्यवस्थापन के लिए अधिकृत होता है और आबकारी राजस्व की वसूली के लिए भी जिम्मेदार होता है।

2.3 राजस्व प्राप्ति की प्रवृत्ति

राज्य आबकारी शुल्क कर प्राप्तियों के महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक है और मध्य प्रदेश की कुल कर प्राप्तियों का 18.40 प्रतिशत है। विगत पाँच वर्षों की राज्य आबकारी शुल्क से प्राप्तियों की प्रवृति **तालिका 2.1** में प्रदर्शित की गई है।

तालिका 2.1
प्राप्तियों की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	वास्तविक प्राप्तियाँ	बजट अनुमान से वास्तविक प्राप्तियों की भिन्नता (प्रतिशत में)
2013–14	5,750.00	5,907.39	(+) 2.74
2014–15	6,730.00	6,695.54	(–) 0.51
2015–16	7,800.00	7,922.84	(+) 1.57
2016–17	7,700.00	7,532.59	(–) 2.17
2017–18	8,600.00	8,245.01	(–) 4.12
योग	**36,580.00**	**36,303.37**	

(स्रोत : मध्य प्रदेश शासन के वित्त लेखे एवं बजट प्राक्कलन)

उपरोक्त तालिका से संकेत मिलता है कि वर्ष 2017–18 के लिए विभाग द्वारा तैयार बजट अनुमानों को प्राप्त नहीं किया गया था जो 4.12 प्रतिशत कम रहा। विभाग ने उक्त कमी का कारण माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के 500 मीटर के दायरे में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नर्मदा नदी के किनारे शराब की दुकानों को बंद करना बताया।

[17] ताड़ी का अर्थ है किसी भी प्रकार के ताड़ के पेड़ से निकाला गया किण्वित या अकिण्वित रस।

2.4 आंतरिक लेखापरीक्षा

संयुक्त संचालक (वित्त) के नेतृत्व में छह सहायक आंतरिक लेखापरीक्षा अधिकारियों (स.आ.ले.प.अ.) की सहायता से एक आंतरिक लेखापरीक्षा प्रकोष्ठ (आं.ले.प्र.), विभाग की आंतरिक लेखापरीक्षा करता है। स.आ.ले.प.अ. के पद मध्य प्रदेश कोष एवं लेखा विभाग के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जाते हैं। आं.ले.प्र. प्रत्येक वर्ष अधीनस्थ कार्यालयों की लेखापरीक्षा के लिए रोस्टर तैयार करता है। विभाग द्वारा यह सूचित किया गया था कि 2017–18 के दौरान, लेखापरीक्षा के लिए कुल 43 कार्यालयों की योजना बनाई गई थी, जिसमें से केवल 25 कार्यालयों की लेखापरीक्षा आं.ले.प्र. द्वारा की गई थी। इसके परिणामस्वरूप 42 प्रतिशत की कमी हुई।

लेखापरीक्षा में 15 जिला कार्यालयों[18] के आंतरिक लेखापरीक्षा से संबंधित निरीक्षण प्रतिवेदनों (2017–18) की समीक्षा (नवंबर 2018) की और पाया कि अधिकतर इकाईयों में आं.ले.प्र., कोषालय अभिलेखों के साथ चालान के मिलान के मुद्दे, मासिक मिलान पत्रक को कोषालय अधिकारी और आब.आयु. को भेजने में विलंब और निर्धारित प्रारूप में तौजी को न भरना, को उजागर करने में विफल रहा।

2.5 लेखापरीक्षा के परिणाम

वर्ष 2017–18 के दौरान राज्य आबकारी विभाग की 61 लेखापरीक्षा इकाईयों (एक आब. आयु. कार्यालय एवं 60 आबकारी इकाईयाँ) में से 41[19] की लेखापरीक्षा की गयी। वर्ष 2016–17 के दौरान विभाग द्वारा सृजित राजस्व ₹ 7,532.59 करोड़ था, जिसमें लेखापरीक्षित इकाईयों ने ₹ 5,039.20 करोड़ (67 प्रतिशत) संग्रहित किए।

वर्ष 2017–18 के दौरान, लेखापरीक्षा ने 7,448 प्रकरणों में आबकारी शुल्क की हानि और अन्य आपत्तियाँ, जिनमे में 342.87 करोड़ की राशि सन्निहित थी, अवलोकित की गयी, जो कि लेखापरीक्षित इकाईयों द्वारा एकत्र राजस्व का सात प्रतिशत है। विवरण **तालिका 2.2** में उल्लिखित हैं।

तालिका 2.2
लेखापरीक्षा के परिणाम

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	श्रेणी	प्रकरणों की संख्या	राशि
1.	अनुज्ञा अनुबंध के उल्लंघन के लिये शास्ति का अनारोपण	3,685	92.39
2.	लायसेंसियों द्वारा कूट रचित चालान प्रस्तुत करने के कारण राजस्व हानि	1,426	45.26
3.	आरक्षित मूल्य से कम कीमत पर निविदा को जारी करना	2	43.10
4.	आबकारी सत्यापन प्रतिवेदन न भेजने वाले लाइसेंसियों पर शास्ति का अनारोपण	166	41.03
5.	मदिरा की दुकानों पर लायसेंस फीस का अनारोपण	53	10.49
6.	बकाया आबकारी राजस्व की वसूली न होना	5	5.49
7.	ठेकेदारों को अनुचित लाभ	2	2.49
8.	काँच की बोतल का न्यूनतम स्कंध न रखने पर शास्ति का अनारोपण	90	1.83
9.	देशी/विदेशी मदिरा का अनियमित प्रदाय	66	1.27
10.	अन्य आपत्तियाँ (बॉटलिंग फीस का कम आरोपण, बैंक गारण्टी कम/न दिया जाना, न्यूनतम स्कंध का न रखा जाना, अधिक अपव्यय इत्यादि)	1,953	99.52
योग		**7,448**	**342.87**

[18] **सहा.आब.आयु.** अलीराजपुर, छतरपुर, धार, ग्वालियर, जबलपुर एवं खरगौन।
जि.आब.आयु. अशोकनगर, देवास, गुना, मंदसौर, नीमच, नरसिंहपुर, शाजापुर, टिकमगढ़, एवं विदिशा।

[19] एक उपा.आब., 14 सहा.आब.आयु. और 26 जि.आब.आयु. के कार्यालय।

इन आपत्तियों से शासन और विभाग को मई 2017 से फरवरी 2018 के मध्य अवगत कराया गया था। विभाग ने इनमें ₹ 222.14 करोड़ के 3,295 प्रकरणों से संबंधित आपत्तियों को स्वीकार किया एवं ₹ 66.76 करोड़ के 2,565 प्रकरणों की समीक्षा करने का आश्वासन दिया। यद्यपि, विभाग ने 160 प्रकरणों में ₹ 10.71 लाख की वसूली सूचित (सितम्बर 2019) की।

2.6 पूर्व लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्यवाही

लेखापरीक्षा ने 2012–13 से 2016–17 की अवधि के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की 54 कण्डिकाओं में ₹ 2145.31 करोड़ की विभिन्न आपत्तियों को इंगित किया था, जिनके विरुद्ध विभाग द्वारा मात्र ₹ 7.42 करोड़ की वसूली की गयी। इन 54 कंडिकाओं में से, 15 कंडिकायें लोक लेखा समिति द्वारा चर्चा के लिए चुनी गयी थी एवं एक कंडिका पर मात्र चर्चा की गयी (अगस्त 2019)। वर्ष 2017–18 के दौरान कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई।

एक प्रकरण जिसमें ₹ 36.22 करोड़ के शासकीय राजस्व की हानि समाहित थी, का उल्लेख निम्नलिखित कण्डिका में किया गया है:

2.7 अनिवार्य जाँच जैसे कोषालय अभिलेखों के साथ चालान का सत्यापन/पुर्नमिलान का पालन न करने से शासन को राजस्व की हानि

सहा.आब.आयु. इंदौर के 15 लाइसेंसधारियों ने, विभाग को प्रस्तुत 1,061 चालान के साथ छेड़छाड़ करके देय उत्पाद शुल्क एवं लायसेंस फीस ₹ 37.42 करोड़ के स्थान पर कोषालय में ₹ 1.20 करोड़ जमा किए तथा जिनका कोषालय के अभिलेखों के साथ मिलान नहीं किया गया। विभाग में कमजोर आंतरिक नियंत्रण से ₹ 36.22 करोड़ राजस्व का नुकसान हुआ।

मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता के अनुसार, संबंधित विभाग के नियंत्रण अधिकारी को यह देखना अनिवार्य है कि शासन के बकाये का सही निर्धारण, संग्रह और नियमित रूप से कोषालय में भुगतान किया गया है। इसके लिए, नियंत्रण प्राधिकारी को एक पृथक विभागीय खाता संधारित करना है और महीने के अंत में, पंजी से महीने के कुल प्राप्तियों को उनके राजस्व शीर्षों के अनुसार एक तौजी या विभागीय विवरणी तैयार करना चाहिए। इसे कोषालय अधिकारी द्वारा कोषालय पंजियों के साथ सत्यापित किया जाना चाहिए और सत्यापन के परिणाम को प्रत्येक विवरणी के पाद में उल्लेख किया जाना चाहिए। यदि विभागीय विवरणी की तुलना में कोषालय पंजियों में यदि कोई त्रुटि या त्रुटिपूर्ण जमा पाया जाता है, तो कोषालय अधिकारियों को विभागीय विवरणी के गलत वर्गीकरण और/या त्रुटिपूर्ण जमा होने पर तुरंत नियंत्रण प्राधिकारी को सूचित करना चाहिए। नियंत्रण प्राधिकारी विभागीय और कोषालय खातों के बीच विसंगतियों का समाधान करेगा।

इसके अतिरिक्त, वित्त विभाग के निर्देशों[20] के अनुसार, कोषालय अधिकारी को कोषालय के अंतर्गत आने वाले सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (आ.सं.अ.) को संबंधित राजस्व शीर्ष में माह के दौरान जमा किए गए सभी चालानों की एक सूची प्रदान करना आवश्यक है। संबंधित आ.सं.अ. कोषालय/बैंक के साथ जमा किए गए सभी चालानों को अनिवार्य रूप से सत्यापित करेगा और यदि कोई अंतर हो, तो कोषालय के साथ हल करेगा। कोषालय अधिकारी सत्यापन प्रमाण पत्र के अभाव में कार्यालय प्रमुख के वेतन बिल को पारित नहीं करेगा।

[20] वित्त विभाग मध्य प्रदेश का पत्र क्र. 1889/1843/2001/सी/4, दिनांक 05 अक्टूबर 2001।

लेखापरीक्षा द्वारा अप्रैल 2015 से जुलाई 2017 तक अवधि के लिए सहा.आब.आयु., इंदौर के कार्यालय के अभिलेखों (चालानों की प्रतिलिपि, कोषालय अभिलेख मिलान हेतु जिला कोषालय अधिकारी द्वारा प्रमाणित चालान की सूची, विभागीय जाँच प्रतिवेदन) की समीक्षा (जनवरी 2018 और दिसंबर 2018 के बीच) की गयी एवं लेखापरीक्षा अवधि के दौरान प्रेषण किये गये 87,000 चालानों में से 47,792 चालानों (55 प्रतिशत) का नमूना परीक्षण किया गया। यह पाया गया कि, 15 लाइसेंसधारियों[21] ने ₹ 25.13 करोड़ के देय आबकारी शुल्क और ₹12.29 करोड़ के लाइसेंस फीस के रूप मे देशी शराब (सीएल) और भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) के लिए लाइसेंस फीस के विरुद्ध केवल ₹ 0.98 करोड़ आबकारी शुल्क और ₹ 0.22 करोड़ रुपये लाइसेंस फीस कोषालय में जमा की, परिणामस्वरूप शासन को आबकारी शुल्क ₹ 24.15 करोड़ और लाइसेंस फीस ₹ 12.07 करोड़ के रूप में राजस्व की हानि हुई। शासन को सीएल और आईएमएफएल के लिए आबकारी शुल्क और लाइसेंस फीस की कुल हानि ₹ 36.22 करोड़ रही **(परिशिष्ट I)**। यह विभाग को प्रस्तुत 1,061 चालानों के साथ छेड़छाड़ करके किया गया था, जिनका कोषालय अभिलेख के साथ मिलान नहीं किया गया था। कार्यप्रणाली में कोषालय में कम राशि जमा करना और बाद में चालान को प्राप्त कर और चालान पर लिखित राशि से पहले कुछ अंकों एवं शब्दों को बढ़ाना शामिल था। इन बढ़ाए गये चालानों को बाद में आबकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया गया और अनियमित उच्च लाभ प्राप्त किया गया।

इसके अतिरिक्त, नमूना परीक्षण किए गए चालान की जाँच के दौरान, यह भी देखा गया कि 87 चालानों की विभागीय प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं कराई गई, 67 चालानों की कोषालय प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं कराई गई, एवं 28 प्रकरणों में चालानों की न तो विभागीय और न ही कोषालय प्रतिलिपि को लेखापरीक्षा को प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त चालानों की एक या दोनों विभागीय और कोषालय प्रतिलिपि की अनुपस्थिति के कारण, लेखापरीक्षा उनकी एक दूसरे के विरूद्ध तुलना नहीं कर सका जैसा कि उपरोक्त 47610 (47,792–182) चालान के साथ किया गया था। इसलिए, इन चालानों में शामिल कपटपूर्ण राशि, यदि कोई हो, का परीक्षण एवं निर्धारण लेखापरीक्षा द्वारा नहीं किया जा सका।

लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि अप्रैल 2015 से जून 2017 की अवधि के दौरान, विभागीय आंकड़ों और कोषालय के आंकड़ों की राजस्व प्राप्तियों में मासिक अंतर थे, जिन्हें न तो विभाग द्वारा मिलान किया गया था और न ही अंतर का कोई कारण दर्ज किया गया था। यदि अंतर के कारणों का विश्लेषण किया गया होता और समय पर कार्रवाई की गई होती, तो उपरोक्त कपट से बचा जा सकता था। आपत्ति अवधि के दौरान विभाग द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा भी नहीं की गयी थी।

इंगित किये जाने पर, विभाग ने बताया (सितंबर 2019) कि विभाग द्वारा गठित एक जाँच समिति द्वारा एक अन्वेषण किया गया (अगस्त 2017) जिसने उक्त अनियमितताओं और राजकोष को हानि की पुष्टि की थी। उक्त जाँच रिपोर्ट पर, प्रथम दृष्टया, आठ दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जाँच शुरू की गई थी, जो प्रगति पर है। विभाग ने सूचित किया (सितंबर 2019) कि इसमें सम्मिलित लाइसेंसधारियों से ₹ 21.89 करोड़ की वसूली की गई थी और शेष वसूली प्रगति पर थी। उपलब्ध न

[21] अभिषेक शर्मा, असप्रीत सिंह लुबाना, अविनाश सिंह मंडलोई, बलराम माली, भारतीदेव बिल्ड, दीपक जायसवाल, जितेंद्र शिवराम, लव कुश पांडे, मिलियन ट्रेडर्स, प्रदीप जायसवाल, राहुल चौकसे, राकेश जायसवाल, विजय कुमार श्रीवास्तव, विरेन्द्र सिंह ठाकुर और योगेन्द्र जायसवाल।

कराये गए 182 चालानों के संबंध में, विभाग ने सूचित किया कि विभाग द्वारा चूककर्ता लाइसेंसधारियों के खिलाफ दर्ज किए गए आपराधिक प्रकरणों (अगस्त 2017) के कारण उपर्युक्त चालान पुलिस द्वारा जब्त कर लिए गए थे और न्यायिक कब्जे में थे। विभाग ने न्यायालय से अनुरोध किया था कि वह उनकी छायाप्रतियाँ प्रदान करें और बताया कि जैसे ही वह प्राप्त होगी, उन्हें लेखापरीक्षा को उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अप्रैल 2015 से जून 2017 की अवधि के मध्य राजस्व प्राप्तियों के विभागीय आंकड़ों और कोषालय के आंकड़ों में मासिक अंतर के संबंध में, विभाग ने कहा कि जिले में तीन कोषालय – जिला कोषालय, नगर कोषालय और साइबर कोषालय थे, तथा लेखापरीक्षा द्वारा मात्र जिला कोषालय की प्राप्तियों को ही ध्यान में रखा गया।

विभाग के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में, लेखापरीक्षा ने विभाग द्वारा सुझाए अनुसार नगर कोषालय और साइबर कोषालय की प्राप्तियों को जोड़ा गया और पाया कि विभागीय आंकड़ों और कोषालय के आंकड़ों के बीच का मासिक अंतर कम हो गया, लेकिन विभिन्न महीनों में ₹ 100 से ₹ 23.58 करोड़ के मध्य फिर भी रहा, जैसा **परिशिष्ट II** में दर्शाया गया है।

प्रेषित कुल 87,000 चालान में से, लेखापरीक्षा ने केवल 47,792 चालान की नमूना जाँच की। इस प्रकरण में राजस्व की हानि की सही मात्रा निकाले जाने के लिए विभाग द्वारा अपने स्तर पर शेष चालान आंतरिक रूप से सत्यापित किए जा सकते हैं।

सहा.आब.आयु., इंदौर में पायी गयी उपर्युक्त अनियमितताओं के आलोक में, लेखापरीक्षा द्वारा आगे, यह विश्लेषण के लिए कि क्या विभाग के अन्य कार्यालयों में ऐसी और अन्य अनियमितताएँ विद्यमान है, सात कार्यालयों[22] के अभिलेखो की जाँच (अप्रैल 2019 से मई 2019 के मध्य) की गई। निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं:

- पाँच सहा.आब.आयु[23] द्वारा मासिक समाधान विवरण कोषालय को 1 से 569 दिनों की देरी के साथ भेजे गए थे। यह भी देखा गया कि सहा.आब.आयु. देवास, धार और उज्जैन द्वारा मासिक समाधान विवरण 2 से 621 दिनों के विलंब से आबकारी आयुक्त को भेजे गए थे। विलंब की श्रेणी को नीचे दी गई **तालिका 2.3** में दर्शाया गया है:

तालिका 2.3
कोषालय और आबकारी आयुक्त को मासिक समाधान विवरण भेजने में विलंब की अवधि दर्शाने वाला विवरण

सहा.आब. आयु. का नाम	कोषालय को					आबकारी आयुक्त को				
	विलंब की अवधि की संख्या (श्रेणी दिनों मे)					विलंब की अवधि की संख्या (श्रेणी दिनों मे)				
	<30	≥30<90	≥90<180	≥180<365	≥365	<30	≥30<90	≥90<180	≥180<365	≥365
देवास (अप्रैल 2017 से दिसंबर 2017)	7	0	0	0	0	5	4	0	0	0
धार (अप्रैल 2016 से मार्च 2018 तक)	5	3	3	9	2	2	3	3	0	0
उज्जैन (अप्रैल 2017 से मार्च 2018)	7	3	1	0	0	0	2	0	1	9

[22] देवास, धार, ग्वालियर, रायसेन, सागर, सिहोर एवं उज्जैन।
[23] देवास, धार, ग्वालियर, सागर एवं उज्जैन।

सागर (दिसंबर 2016 से मार्च 2018)	1	2	0	0	0	0	0	0	0	0
ग्वालियर (अप्रैल 2017 से जुलाई 2017)	0	2	2	0	0	0	0	0	0	0

सहा.आब.आयु. इंदौर के पूर्वोक्त दृष्टांत के परिप्रेक्ष्य में, जहां निगरानी की कमी एवं विभाग और कोषालय के मध्य मिलान की अनुपस्थिति की वजह से राज्य के राजकोष पर प्रत्यक्ष कपट हुआ, मिलान मे यह निरंतर विलंब कभी–कभी तीन, छः या 12 महीने से भी अधिक समय तक है, यह गंभीर चिंता का कारण है।

- यद्यपि, मासिक समाधान विवरण सहा.आब.आयु. सागर द्वारा तैयार किए गए थे, परन्तु कुछ निश्चित स्तंभ जैसे कि वार्षिक माँग और विभागीय आंकड़ों और कोषालय के बीच मासिक अंतर को नहीं भरा गया था। सहा.आब.आयु. ग्वालियर के संबंध में, तौजी में वार्षिक माँग और विभागीय और कोषालय के आंकड़े के मासिक अंतर के स्तंभ नहीं पाया गया है। इस तरह के अंतर के कारणों को भी दर्ज नहीं किया गया था।
- सहा.आब.आयु. ग्वालियर कोषालय अभिलेख के अनुसार जमा किए गए 131 चालानों राशि ₹ 2.70 लाख तक की विभागीय प्रतियों को प्रस्तुत करने में विफल रहा। लेखापरीक्षा इन लेनदेनों की वास्तविकता का पता लगाने में असमर्थ है। जैसा कि पूर्व में इंगित किया गया है, इंदौर में 1,061 चालानों पर धोखाधड़ी करके, लाइसेंसधारक केवल ₹ 1.20 करोड़ राजस्व के रूप में जमा करने के बाद ₹ 36.22 करोड़ के राजस्व से राज्य के राजकोष को वंचित कर सकते हैं। जहाँ 131 चालान लेखापरीक्षा को प्रस्तुत भी नहीं किए जा सकते हैं, यह न केवल बल्कि बेहद संदिग्ध है की उन चालानों के साथ क्या हुआ है, लेकिन सहा.आब.आयु. इंदौर के पैमाने पर धोखाधड़ी या गबन जैसी संभावनाओं से लेखापरीक्षा द्वारा इंकार नही किया जा सकता है।

- लेखापरीक्षा ने पाया कि 2013–14 और 2017–18 के मध्य, विभाग द्वारा की गई आंतरिक लेखापरीक्षा में 42 प्रतिशत से 86 प्रतिशत तक की कमी रही। विवरण निम्नानुसार हैं:

तालिका 2.4

आंतरिक लेखापरीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा इकाईयों की योजना और की गई लेखापरीक्षा

वर्ष	रोस्टर अनुसार इकाईयों की संख्या	लेखापरीक्षित इकाईयों की संख्या	रोस्टर के संदर्भ में कमी	कमी का प्रतिशत
2013–14	35	05	30	85.71
2014–15	25	14	11	44.00
2015–16	37	15	22	59.46
2016–17	24	11	13	54.17
2017–18	43	25	18	41.86

आवधिक आंतरिक लेखापरीक्षा आयोजित नहीं करने से विभाग आंतरिक नियंत्रण को सुदृढ़ करने में विफल रहा। नमूना जाँच किए गए सात सहा.आब.आयु. में से दो सहा. आब.आयु. सागर और उज्जैन में, आंतरिक लेखापरीक्षा 2014 से नहीं की गयी थी, तथा एक सहा.आब.आयु. रायसेन में 2015 से आयोजित नहीं की गयी थी। इंदौर के प्रकरण

में, जहाँ आपत्ति अवधि में आंतरिक लेखापरीक्षा नहीं की गई थी, उपरोक्त इकाईयों की आंतरिक लेखापरीक्षा नही करने के कारण संभाव्य कपट के लिए यह एक खतरे का संकेत हो सकता है।

विभाग ने सूचित किया कि–

- सहा.आब.आयु. देवास में, कार्यालयीन व्यस्तताओं के कारण मासिक समाधान विवरण कोषालय भेजने में तीन महीने की देरी हुई। यद्यपि, अन्य मामलों में देरी के संबंध में कोई कारण नहीं दिए गए थे। आबकारी आयुक्त को विवरण भेजने में देरी के लिए, कोई विशेष कारण नहीं दिया गया और यह कहा गया कि उन्हें कोषालय से प्राप्त होने के तुरंत बाद भेजा गया था।
- सहा.आब.आयु. धार में, कोषालय को विवरण भेजने में देरी के लिए शराब की दुकानों के निष्पादन और अन्य व्यस्तताओं को बताया गया, एवं फलस्वरूप उन्हें देरी के साथ आबकारी आयुक्त को भेजा गया था।
- सहा.आब.आयु., उज्जैन में, दिसंबर 2017 एवं मार्च 2018 के बीच कोषालय को भेजने में देरी वार्षिक नीलामी प्रक्रिया में व्यस्तता के कारण हुई थी। यद्यपि, शेष मामलों में देरी के लिए कोई कारण नहीं दिए गए थे। इसके अतिरिक्त, जुलाई 2017 से मार्च 2018 के सत्यापित विवरण एक बैच में कोषालय से मार्च 2018 में प्राप्त होना, आबकारी आयुक्त को भेजने में देरी का कारण बताया गया था।
- सहा.आब.आयु., सागर में, कोषालय को विवरण भेजने में देरी के लिये शराब की दुकानों की नीलामी प्रक्रिया में व्यस्त होना बताया गया था।
- सहा.आब.आयु. ग्वालियर द्वारा 131 चालानों का प्रस्तुत न करने के संबंध में, सहा.आब.आयु ने कहा कि ये चालान उन लाइसेंसधारियों द्वारा जमा किए गए थे जो ग्वालियर जिले से बाहर हैं एवं उनकी प्रतियाँ प्राप्त नहीं हुई थीं। यद्यपि, जिले की कोषालय पत्रक में उनके प्रतिबिंबित होने के कारण उन्हें प्राप्तियों में लिया गया था। सहा.आब.आयु ग्वालियर का उत्तर, स्वीकार्य नहीं है क्योंकि प्राप्तियों को मूल चालान, प्राप्तियों के प्रकार के सत्यापन के बिना हिसाब में लिया गया था एवं बिना टिप्पणी के कि क्या वे तौजी में भी पाए गए थे।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि कोषालय अभिलेखों के साथ चालान के सत्यापन में कमियाँ हैं। कोषालय के अभिलेखों के साथ चालान का मिलान न किए जाने और आयुक्त और उपायुक्त, आबकारी द्वारा निगरानी की कमी के कारण, शासन को राजस्व की हानि हुई। इसके अतिरिक्त, वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, संबंधित सहा.आब.आयु. के कोषालय अधिकारी द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई थी, जो कोषालय और विभाग के बीच प्राप्तियों के मिलान के संबंध में संहिता प्रावधानों का पालन करने से संबंधित थी। यदि आंतरिक लेखापरीक्षा प्रकोष्ठ सक्रिय रहता और आवधिक लेखापरीक्षा की गयी होती तो उपरोक्त अनियमितताओं को रोका जा सकता था।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण आबकारी आयुक्त और शासन को प्रतिवेदित (जनवरी 2019 और मार्च 2019 के बीच) किया। शासन से उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था (सितंबर 2019)।

अधिकांश लेखापरीक्षा आपत्तियाँ इस प्रवृत्ति की हैं, कि समान त्रुटियाँ/चूक राज्य के सबंधित शासकीय विभागों की अन्य इकाईयों में भी पायी जा सकती हैं, परन्तु जिन्हें वर्ष के दौरान नमूना जाँच में शामिल नहीं किया गया। अतः विभाग/शासन अन्य सभी इकाईयों की आंतरिक जाँच यह सुनिश्चित करने के लिये कर सकते हैं कि वे नियमों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं।

अध्याय - 3
वाणिज्यिक कर

अध्याय 3
वाणिज्यिक कर

3.1 कर प्रशासन

प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग (वा.क.वि.) के सर्वोच्च स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख है। वाणिज्यिक कर विभाग, आयुक्त वाणिज्यिक कर (आ.वा.क.) के समग्र नियंत्रण में एक निदेशक एवं अतिरिक्त आयुक्त के सहयोग से कार्य करता है। विभाग को पाँच क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक क्षेत्र एक अतिरिक्त क्षेत्रीय आयुक्त के अधीन होता है। इन क्षेत्रों में संभागीय उप आयुक्तों (उप.आयु.) के अधीन 16 संभागीय कार्यालय सम्मिलित हैं। इन संभागों में वाणिज्यिक कर अधिकारियों (वा.क.अधि.)/ सहायक आयुक्तों (सहा.आयु.) के नियंत्रण में 84 वृत्त कार्यालय एवं 19 क्षेत्रीय सहायक आयुक्त के कार्यालय हैं। 01 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) लागू किया गया था और करों को निम्न प्रावधानों के तहत प्रशासित किया गया था:

- मध्य प्रदेश वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं
- मध्य प्रदेश वस्तु एवं सेवा कर नियम, 2017

3.2 प्राप्तियों की प्रवृत्ति

वाणिज्यिक कर विभाग के राजस्व शीर्ष बिक्री एवं व्यापार आदि पर कर एवं माल और यात्री कर के राजस्व बजट अनुमान के विरूद्ध राजस्व प्राप्तियों के प्रवृत्ति को **तालिका 3.1** में दर्शाया गया है।

तालिका 3.1
प्राप्तियों की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	वास्तविक प्राप्तियाँ	अन्तर का प्रतिशत
2013–14	19,140.00	19,228.59	(+) 0.46
2014–15	22,400.00	20,822.35	(+) 7.04
2015–16	24,500.00	22,890.91	(–) 6.57
2016–17	26,200.00	26,366.16	(+) 0.63
2017–18	26,107.00[24]	24,839.46[25]	(–) 4.86

(स्रोतः मध्य प्रदेश शासन के वित्त लेखे एवं बजट अनुमान)

उपर्युक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि 2017–18 के दौरान वास्तविक प्राप्तियाँ विभाग द्वारा तैयार संशोधित बजट अनुमान से 4.86 प्रतिशत कम हुईं। लेखापरीक्षा ने पाया कि भारत सरकार से वर्ष 2017–18 के दौरान प्राप्त जी.एस.टी. पर क्षतिपूर्ति की राशि ₹ 2,511 करोड़ शामिल करने के कारण वास्तव में वास्तविक प्राप्ति 4.76 प्रतिशत बढ़ी।

3.3 आंतरिक लेखापरीक्षा

लोक लेखा समिति (लो.ले.स.) ने अपने 65वें प्रतिवेदन (दिसम्बर 2015) में विभाग को आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा स्थापित करने एवं उसके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु निर्देशित किया था।

---

[24] 01 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) के कार्यान्वयन के कारण संशोधित बजट अनुमान के आंकड़े लिए गए हैं।

[25] जुलाई 2017 से मार्च 2018 तक ₹ 24,839.46 करोड़ की वास्तविक प्राप्ति में ₹ 16,143.34 करोड़ वैट एवं ₹ 8,696.12 करोड़ जी.एस.टी. शामिल है। उपरोक्त के अतिरिक्त, भारत सरकार से वर्ष 2017–18 के दौरान जी.एस.टी. कर क्षतिपूर्ति राशि ₹ 2,511 करोड़ अनुदान के रूप में भी प्राप्त हुई।

विभाग ने सूचित किया (अप्रैल 2019) कि सीमित संसाधनों के कारण आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा की स्थापना नहीं की जा सकी, तथापि मंडल उपायुक्तों/सहायक आयुक्तों द्वारा वृत्त कार्यालयों का रोस्टर निरीक्षण वार्षिक रूप से किया जाता है। संभागीय उपायुक्त कार्यालयों का निरीक्षण अतिरिक्त आयुक्तों द्वारा किया जाता है। निरीक्षण के दौरान कर निर्धारण के प्रकरणों की भी जाँच की जाती है। इसलिए आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा की कोई आवश्यकता नहीं है।

निर्गम सम्मेलन (अप्रैल 2019) के दौरान विभाग ने यह सूचित किया कि मध्य प्रदेश शासन का वित्त विभाग सभी शासकीय विभागों का एक मात्र आंतरिक लेखापरीक्षक था। तथापि, आंतरिक लेखापरीक्षा को मजबूत करने के लिए एक प्रस्ताव वित विभाग को भेजा जाएगा।

यद्यपि, विभाग के द्वारा लो.ले.स. के आदेशों का अभी (मई 2019) पालन करना शेष है।

अनुशंसाः

विभाग को अपनी आंतरिक नियंत्रण वातावरण को बेहतर बनाने के लिए लो.ले.स. की सिफारिशों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए और पूरी तरह कार्यात्मक आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा स्थापित करना चाहिए।

3.4 लेखापरीक्षा के परिणाम

वाणिज्यिक कर विभाग (वा.क.वि) में 132 लेखापरीक्षा योग्य इकाईयाँ हैं। जिनमें से नमूना जाँच हेतु 94 इकाईयों[26] का चयन किया गया। विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 के दौरान लगभग ₹ 26,366.16 करोड़ सकल राजस्व प्राप्त किया गया जिसमें से लेखापरीक्षित इकाईयों ने ₹ 20,590.54 करोड़ (78.09 प्रतिशत) संग्रहित किया। चयनित इकाईयों में 76,797 कर निर्धारण किए गए जिनमें से वर्ष 2017–18 के दौरान लेखापरीक्षा द्वारा 76,233 कर निर्धारणों (लगभग 99 प्रतिशत) की नमूना जाँच की गई एवं 1,170 प्रकरणों (लेखापरीक्षा हेतु चयन का लगभग 1.5 प्रतिशत) में कर/ब्याज का कम आरोपण/अनारोपण, आगत कर छूट की अनियमित प्रदाय, कर को त्रुटिपूर्ण दर लागू करना और अधिनियम/नियमों के प्रावधानों का अनुपालन न करना, जैसे प्रकरण ध्यान में आये जिसमें ₹ 220.46 करोड़ की राशि सम्मिलित थी। ये प्रकरण केवल उदाहरणात्मक हैं क्योंकि ये अभिलेखों की नमूना जाँच पर आधारित है। लेखापरीक्षा ने पूर्व के वर्षों में भी कुछ इसी तरह की कमियों को इंगित किया था लेकिन अनियमितताएँ न केवल बनी रही, बल्कि आगामी लेखापरीक्षा में परिलक्षित होने तक अनदेखी रहीं। देखी गई अनियमितताएँ निम्नांकित श्रेणियों के अन्तर्गत विस्तृत रूप से आती है जैसा **तालिका 3.2** में दर्षाया गया है:

तालिका 3.2

लेखापरीक्षा के परिणाम

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	वर्गीकरण	प्रकरणों की संख्या	राशि
1.	कर का कम अनारोपण/आरोपण नहीं किया जाना	232	29.77
2.	कर की त्रुटिपूर्ण दर का आरोपण	148	43.17
3.	कर का त्रुटिपूर्ण निर्धारण	326	77.42
4.	त्रुटिपूर्ण छूट/कटौती प्रदान किया जाना	177	39.21
5.	अन्य	287	30.89
कुल		**1,170**	**220.46**

[26] प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर का कार्यालय, 22 संभागीय कार्यालय, 30 क्षेत्रीय कार्यालय तथा 41 वृत्त कार्यालय।

इन लेखापरीक्षा अभियुक्तियों को शासन एवं विभाग को जून 2017 और मई 2018 के मध्य संप्रेषित किया गया था। विभाग ने इनमें से, 734 प्रकरणों में ₹ 169.48 करोड़ के कर का कम निर्धारण और अन्य अनियमिताओं की समीक्षा करना स्वीकार किया। इस संबंध में आगामी प्रगति वसूली सहित लेखापरीक्षा में ध्यान में रखी जायेगी।

विभाग ने यह भी सूचित किया कि वर्ष 2017–18 के दौरान एक प्रकरण में ₹ 0.52 लाख का राजस्व वसूल किया गया (सितम्बर 2019)।

3.5 पूर्व लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्यवाही

वर्ष 2012–13 से 2016–17 तक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में लेखापरीक्षा ने 123 कण्डिकाओं में ₹ 1,181.30 करोड़ की विभिन्न आपत्तियों को इंगित किया गया था जिसके विरूद्ध विभाग द्वारा आज दिनांक तक केवल ₹ 0.88 करोड़ की वसूली की गई।

लो.ले.स. ने वर्ष 2007–08 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की समान कण्डिकाओं के लिए पहले ही अपनी अनुशंसाएं एवं निर्देश दिये (384 वें प्रतिवेदन, 2016–17) थे। उनमें से कुछ निर्देश इस प्रकार थेः (1) विभाग को गंभीर अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करनी चाहिए; (2) समिति को प्रवेश कर की वसूली और संबंधित व्यवसायिओं से जुर्माने की कानूनी कार्रवाई के बारे में सूचित किया जाना चाहिए; (3) विभाग को संबंधित व्यवसायी से जल्द से जल्द बकाया कर वसूल करना चाहिए और वित विभाग और महालेखाकार को सूचित करना चाहिए; भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए आवश्यक निर्देश/आदेश जारी किए जाए।

विभाग ने सूचित किया (अप्रैल 2019) कि लो.ले.स. के निर्देशों के अनुपालन में उपयुक्त कार्रवाई की गई थी, आवश्यक विस्तृत निर्देश जारी किए गए और आपत्ति लिए गए प्रकरणों में वसूली की गई थी। दोषी अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाही के संदर्भ में, विभाग ने कहा कि कुछ अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए थे और शेष अधिकारियों को राजस्व हानि का दोषी नहीं पाया गया क्योंकि इन अधिकारियों द्वारा पारित कर निर्धारण आदेश के विरूद्ध कोई कर की माँग बकाया नहीं थी।

तथापि, विभाग समान प्रकार की अनियमितताओं के जारी रहने को रोकने में विफल रहा।

कुछ उदाहरणात्मक प्रकरण जिनमें ₹ 20.46 करोड़ की शासकीय राजस्व की हानि अंतर्निहित है, का उल्लेख अनुवर्ती कंडिकाओं में किया गया है:

3.6 टर्नओवर का गलत निर्धारण

कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा ₹ 37.83 करोड़ कर योग्य टर्नओवर का कम निर्धारण किया गया। परिणामस्वरूप कर ₹ 2.91 करोड़ एवं शास्ति ₹ 3.25 करोड़ का आरोपण नहीं हो सका।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम में यह प्रावधान है कि कम कर के निर्धारण के लिए यदि करदाता उत्तरदायी है तो निर्धारित किये गये कर के 3 से 3.5 गुना के मध्य शास्ति आरोपित किया जाना है।

पाँच संभागीय कार्यालयों[27], 10 क्षेत्रीय कार्यालयों[28] और 24 वृत्त कार्यालयों[29] के 2011–12 और 2015–16 के अवधि के 76 प्रकरणों, जिनका कर निर्धारण जुलाई 2014

[27] **उप.आयु.**– भोपाल (कर लेखापरीक्षा शाखा), छिंदवाड़ा, ग्वालियर–2, इंदौर (कर ले.प. शाखा–1) और सतना।

[28] **सहा.आयु.**– भोपाल–2, ग्वालियर–2, ग्वालियर–3, इंदौर–11, जबलपुर–1, खंडवा–2, मुरैना, नीमच, पीथमपुर (धार) और उज्जैन–1।

[29] **वा.क.अधि.**– अनूपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, भोपाल (ए. एंड एल.), बुरहानपुर, छिंदवाड़ा–1, छिंदवाड़ा–2, धार, गुना–2, गुना, होशंगाबाद, इंदौर–1, इंदौर–2, इंदौर–4 इंदौर–13, इंदौर–14, इंदौर–15, इटारसी, मंडला, राजगढ़. सतना–2, शाजापुर, उज्जैन–2 और उज्जैन–3।

और जनवरी 2017 के मध्य किया गया था, के अभिलेखों की नमूना जाँच (फरवरी 2017 तथा जनवरी 2018 के मध्य) में देखा गया कि कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा ₹ 37.83 करोड़ के कम टर्नओवर अवधारित किये गये थे। इन 76 प्रकरणों में से, 55 प्रकरणों में विक्रय मूल्य, लाभ एवं अन्य प्राप्ति को लेखे में नहीं/कम दर्शाने के कारण, कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा कम टर्नओवर अवधारित किया गया था। टर्नओवर अवधारित करते समय छः प्रकरणों में अंकेक्षित लेखे के आँकड़ों को नहीं लिया गया। आगे 11 प्रकरणों में वैट तथा उत्पाद शुल्क की निम्न दरों को लागू किया गया था जबकि चार प्रकरणों में आधिक्य/त्रुटिपूर्ण कटौतियाँ प्रदाय की गई थी। इस प्रकार, संबंधित कर निर्धारण अधिकारी, कर निर्धारण के समय सही कर योग्य टर्नओवर का अवधारण करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप, ₹ 2.91 करोड़ का कर और ₹ 3.25 करोड़ की शास्ति आरोपित नहीं की जा सकी। कर निर्धारण अधिकारियों के उत्तर एवं उन पर हमारे अभिमत का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट III** में दर्शाया गया है।

विभाग ने निर्गम सम्मेलन (अप्रैल 2019) में बताया कि प्रकरणों का पुनः कर निर्धारण कर विस्तृत उत्तर प्रस्तुत किया जाएगा।

वर्ष 2016–17 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में समान प्रकार की आपत्तियों का उल्लेख किया गया था। यद्यपि, लेखापरीक्षा में कर निर्धारण अधिकारियों की ऐसी चूक का उल्लेख किया गया था, लेकिन ये अनियमितताएँ न केवल बनी रही, बल्कि आगामी लेखापरीक्षा होने तक अनदेखी रही।

अंतिम कार्यवाही और वसूली की निगरानी लेखापरीक्षा में रखी जाएगी।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया (नवंबर 2017 और जुलाई 2018 के मध्य) था, लेकिन अब तक (सितंबर 2019) कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

3.7 अस्वीकार योग्य आगत कर की छूट को लागू करना

कर निर्धारण प्राधिकारी द्वारा मान्य ₹ 45.17 करोड़ के विरूद्ध ₹ 48.07 करोड़ की आगत कर छूट प्रदाय की गई। इसके परिणामस्वरूप ₹ 2.90 करोड़ के कर का कम संग्रहण हुआ। ₹ 2.20 करोड़ की शास्ति भी आरोपित नहीं की गई।

म.प्र. वैट अधिनियम (2002) में प्रावधान है कि जब एक पंजीकृत व्यवसायी किसी अन्य पंजीकृत व्यवसायी से कुछ विशिष्ट सामग्रियों को क्रय करता है व उसके लिए आगत कर चुकाता है तो उसे आगत कर छूट की पात्रता होगी। आगत कर की यह छूट वास्तव में भुगतान किये गये आगत कर से अधिक नहीं होगी। यदि आगत कर में त्रुटीपूर्ण छूट के प्रदाय के लिए व्यवसायी उत्तरदायी पाया जाता है तो शास्ति भी आरोपित की जावेगी।

अधिनियम में आगे यह भी प्रावधान है कि यदि विक्रेता पंजीकृत व्यवसायी के द्वारा संग्रहित किये गये कर को देयक, बीजक अथवा नगद पर्ची में पृथक से नहीं दर्शाया जाता है तो आगत कर में छूट के लिए न तो कोई दावा किया जावेगा और न ही उसे स्वीकृत किया जावेगा।

लेखापरीक्षा ने चार संभागीय कार्यालयों[30], आठ क्षेत्रीय कार्यालयों[31] और 22 वृत्त कार्यालयों[32] के कर निर्धारण आदेश, अंकेक्षित लेखे, विवरणियाँ, विक्रय सूची आदि अभिलेखों की नमूना जाँच की (मई 2017 एवं अप्रैल 2018 के मध्य) और पाया कि 70

[30] **उप.आयु.**– भोपाल–2, इंदौर–3, इंदौर (कर ले.प. शाखा–1) और सतना।
[31] **सहा आयु.**– भोपाल–3, भोपाल–2, ग्वालियर–2, इंदौर– 2, इंदौर–11, जबलपुर–1, नीमच और उज्जैन–1।
[32] **वा.क.अधि.**– अनुपपूर, अशोकनगर, बालाघाट, भोपाल–2, भोपाल–4, भोपाल–5, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा–1, छिंदवाड़ा–2, देवास, गुना, होशंगाबाद, इंदौर–1, इंदौर–4, इंदौर–13, इंदौर–14, इंदौर–15, मंडला, रायगढ़, सतना–1, सीहोर और शहडोल।

प्रकरणों, जो 2011–12 से 2014–15 की अवधि में अप्रैल 2015 और अप्रैल 2017 के मध्य निर्धारित किये गये थे, में कर निर्धारण प्राधिकारियों ने क्रय सूची एवं अंकेक्षित लेखों को ध्यान में लिए बिना व्यवसायियों के द्वारा प्रस्तुत विवरणियों के आधार पर अधिक आगत कर छूट प्रदाय की गई।

28 प्रकरणों में व्यवसायियों के द्वारा जो आगत कर का भुगतान किया गया था वह उनके विवरणियों में छूट के लिए किये गये दावे से कम था, और 21 प्रकरणों में अमान्य होने के बाद भी आगत कर में छूट प्रदान कर दी गई थी। अन्य प्रकरणों में या तो कर मुक्त मालों पर आगत कर छूट दी गई या दोहरी छूट दी गई। कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा सही आगत कर छूट निर्धारण में विफल होने के परिणामस्वरूप स्वीकार नहीं करने योग्य आगतकर छूट ₹ 2.90 करोड़ दी गई और शास्ति ₹ 2.20 करोड़ आरोपित नहीं की गयी। कर निर्धारण प्राधिकारियों के उत्तर एवं उस पर हमारे अभिमत **परिशिष्ट IV** में दर्शाए गये हैं।

निर्गम सम्मेलन (अप्रैल 2019) में विभाग ने आपत्तियों को स्वीकार किया और सूचित किया कि प्रकरणों का पुनःनिर्धारण करने के पश्चात् विस्तृत उत्तर प्रस्तुत किया जावेगा जो कि अब तक (मई 2019) अप्राप्त थे।

वर्ष 2016–17 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में भी समान प्रकार की आपत्तियों को इंगित किया गया था। लेखापरीक्षा में यद्यपि कर निर्धारण प्राधिकारियों की ऐसी चूक का उल्लेख किया गया था, परन्तु ये अनियमितताएँ न केवल बनी रही, बल्कि आगामी लेखापरीक्षा होने तक अनदेखी रही।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया (अगस्त 2017 और जुलाई 2018 के मध्य) था, लेकिन अब तक (सितंबर 2019) कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

3.8 प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण

मशीनरी, पत्थर, मोटर कार के ऑटो पार्ट्स, सीमेंट, लोहा एवं इस्पात, तेल, विस्फोटक, सोयाबीन, एच.डी.पी.ई. से बुना बस्ता, कोयला, इत्यादि वस्तुओं के स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश पर प्रवेश कर या तो आरोपित नहीं किया गया था या फिर त्रुटिपूर्ण आरोपित किया गया था। परिणामस्वरूप ₹ 1.94 करोड़ के प्रवेश कर की प्राप्ति नहीं हो सकी और इसके फलस्वरूप शास्ति ₹ 2.52 करोड़ अनारोपित रही।

प्रवेश कर अधिनियम में प्रावधान है कि यदि प्रवेश कर के कम निर्धारण के लिए व्यवसायी उत्तरदायी होता है तो निर्धारित कर के ऊपर कम से कम तीन गुना शास्ति आरोपित की जावेगी।

सात संभागीय कार्यालयों[33], 11 क्षेत्रीय कार्यालयों[34] और 17 वृत्त कार्यालयों[35] के 2012–13 और 2014–15 के मध्य 52 प्रकरणों, जिनका कर निर्धारण दिसंबर 2014 एवं अक्टूबर 2017 के मध्य किया गया था, के अभिलेखों जैसे कर निर्धारण आदेश, अंकेक्षित लेखे, विवरणियाँ, विक्रय सूचि आदि अभिलेखों की नमूना जाँच (मई 2017 एवं मई 2018 के मध्य) में पाया गया कि स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश पर माल जैसे मशीनरी, पत्थर, मोटर कार के ऑटो पार्ट्स, सीमेंट, लोहा एवं इस्पात, तेल, विस्फोटक, सोयाबीन, एच.डी.पी.ई. से बुना बस्ता, कोयला, इत्यादि पर प्रवेश कर या तो आरोपित नहीं किया गया था या फिर त्रुटिपूर्ण आरोपित किया गया था।

---

[33] **उप.आयु.**– भोपाल–1, भोपाल–2, छिंदवाडा, ग्वालियर (कर ले.प. शाखा) और ग्वालियर–2।

[34] **सहा आयु.**– भोपाल–2, छिंदवाडा–1, ग्वालियर–2, इंदौर–1, इंदौर–2, जबलपुर–1, जबलपुर–2 खंडवा–2, मुरैना, पीथमपुर (धार) और उज्जैन–1।

[35] **वा.क.अधि.**– अशोकनगर, अनूपपुर, बालाघाट, भोपाल–5, छिंदवाड़ा–1, धार, गुना, गुना–2 इंदौर–1, इंदौर–2, इंदौर–14, इटारसी, मंडला, सतना–1, सीहोर, शहडोल और उज्जैन–3।

इन 52 प्रकरणों में से 22 प्रकरणों में प्रवेश कर, लागू होने वाले दर की तुलना में निम्न दर से आरोपित किया गया, 24 प्रकरणों में आरोपणीय प्रवेश कर को आरोपित नहीं किया गया, पाँच प्रकरणों में कम क्रय पर प्रवेश कर की छूट दी गयी एवं एक प्रकरण में जिस माल पर प्रवेश कर आरोपणीय था वह कर योग्य सकल टर्नओवर में सम्मिलित नहीं किया गया। संबंधित कर निर्धारण प्राधिकारी कर की सही गणना करने में विफल रहे, परिणामस्वरूप ₹ 1.94 करोड़ प्रवेश कर की प्राप्ति नहीं हो सकी एवं ₹ 2.52 करोड़ शास्ति आरोपित नहीं की गई।

इसके इंगित किये जाने पर (मई 2017 और मई 2018 के मध्य) कर निर्धारण प्राधिकारियों के उत्तर एवं उन पर हमारे अभिमत को **परिशिष्ट V** में दर्शाया गया है।

निर्गम सम्मेलन (अप्रैल 2019) में विभाग ने सूचित किया कि विस्तृत उत्तर प्रकरणों के पुनर्निधारण आदेशों एवं माँग पत्र की प्रतियों के साथ प्रस्तुत किया जावेगा।

वर्ष 2016–17 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में भी समान प्रकार की आपत्तियों को इंगित किया गया था। लेखापरीक्षा में यद्यपि कर निर्धारण प्राधिकारियों की ऐसी चूक का उल्लेख किया गया था, परन्तु ये अनियमितताएँ न केवल बनी रही, बल्कि आगामी लेखापरीक्षा होने तक अनदेखी रही।

अंतिम कार्यवाही एवं वसूली की निगरानी लेखापरीक्षा में रखी जायेगी।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया (दिसम्बर 2017 और जुलाई 2018 के मध्य) था, लेकिन अब (सितंबर 2019) तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।

3.9 कर की त्रुटिपूर्ण दर को लागू किया जाना

कर निर्धारण प्राधिकारियों के कर की सही दर को लागू करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप ₹ 1.32 करोड़ के कर के अतिरिक्त ₹ 1.73 करोड़ की शास्ति का भी कम आरोपण हुआ।

म.प्र. वैट अधिनियम 2002, में प्रावधान है कि कर भुगतान के लिए उत्तरदायी व्यवसायी के कर योग्य टर्न ओवर पर अधिनियम की अनुसूची–दो मे संबंधित सामग्री के समक्ष कालम (3) में दी गई प्रविष्टि के अनुसार कर का आरोपण किया जायेगा।

दो संभागीय कार्यालयों[36], नौ क्षेत्रीय कार्यालयों[37] और 13 वृत्त कार्यालयों[38] के अभिलेखों की लेखापरीक्षा नमूना जाँच में प्रकट हुआ कि 2012–13 और 2015–16 अवधि के मध्य निर्धारित किये गये 44 व्यवसायियों के 43 प्रकरणों में जिनका कर निर्धारण दिसंबर 2014 और जनवरी 2017 के मध्य किया गया था, कर निर्धारण प्राधिकारियों ने, ट्रैक्टर एसेसरीज, सीमेंट पोल, ऑटो पार्टस, कोटा स्टोन, पेट्रोल, डीजल और ल्यूब्रिकेन्ट, पैकिंग सामग्री, प्लाण्ट एवं मशीनरी आदि जो उच्च दर से कर योग्य थे, पर त्रुटिपूर्ण कर दर लागू किया गया जैसा नीचे **तालिका 3.3** में दर्शाया गया है:

[36] **उप.आयु.**– ग्वालियर (टी.ए.डब्ल्यू) और छिंदवाड़ा।
[37] **सहा आयु.**– ग्वालियर–2, ग्वालियर–3, इंदौर–2, खंडवा–2, मुरैना, नीमच, पीथमपुर, सागर और उज्जैन–1।
[38] **वा.क.अधि.**– बालाघाट, भोपाल–2, भोपाल–5, भोपाल (ए. एण्ड एल.), धार, गुना, होशंगाबाद, इंदौर–1, इंदौर–4, इंदौर–13, इंदौर–14, सीहोर और शहडोल।

तालिका 3.3
त्रुटिपूर्ण कर दर लगाया जाना

क्र. स.	त्रुटिपूर्ण दर लगाने की संख्या	कर दर जो लगाया जाना था (प्रतिशत)	लगाया गया कर दर (प्रतिशत)
1.	36	13	3 या 5
2.	5	5 या 13	निरंक
3.	4	31	23 या 27
4.	3	27	23
5.	1	5	4
6.	3	13	@ ₹ 1 प्रति वर्ग फिट की दर से
7.	1	14	5

इसप्रकार, कर निर्धारण प्राधिकारी अधिनियम के प्रावधानों नियमों और विभागीय परिपत्रों को लागू कर वस्तुओं को सही रूप में वर्गीकृत करने एवं कर की उपयुक्त दर लागू करने में विफल रहे। उसके परिणामस्वरूप ₹ 1.32 करोड़ कर तथा उस पर ₹ 1.73 करोड़ शास्ति का कम आरोपण किया गया।

राजस्व की कम वसूली, लेखापरीक्षा आपत्ति, कर निर्धारण प्राधिकारियों के उत्तर और उस पर हमारे अभिमत का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट VI** में दर्शाया गया है।

निर्गम सम्मेलन (अप्रैल 2019) में विभाग ने बताया कि इन प्रकरणों को पुनः खोला जायेगा और पुनर्निधारण किया जायेगा।

वर्ष 2016–17 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में भी समान प्रकार की आपत्तियों को इंगित किया गया था। लेखापरीक्षा में यद्यपि कर निर्धारण प्राधिकारियों की ऐसी चूक का उल्लेख किया गया था, परन्तु ये अनियमितताएँ न केवल बनी रही, बल्कि आगामी लेखापरीक्षा होने तक अनदेखी रही।

अन्तिम कार्यवाही एवं वसूली की निगरानी लेखापरीक्षा में रखी जायेगी।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया (अप्रैल 2017 और अप्रैल 2018 के मध्य) था, लेकिन अब तक (सितंबर 2019) कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

3.10 केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कम कर का आरोपण/अनियमित रियायत का प्रदाय किया जाना

कर निर्धारण प्राधिकारियों के अन्तर्राज्यीय विकय के प्रावधानों को लागू करने में विफल होने के परिणामस्वरूप ₹ 1.43 करोड़ कर की कम प्राप्ति हुई तथा ₹ 26.30 करोड़ की शास्ति भी अनारोपित रही।

केन्द्रीय विक्रय कर (सी.एस.टी.) अधिनियम 1956 में प्रावधान है कि यदि व्यवसायी अन्तर्राज्यीय विक्रय का दावा करता है (जो उसे टर्नओवर पर दो प्रतिशत के कर भुगतान का पात्र बनाता है) और क्रय करने वाले व्यवसायी का प्रपत्र 'ग' में हस्ताक्षरयुक्त घोषणा–पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो वह उपयुक्त राज्य के अन्दर विक्रय या क्रय पर लगने वाले दर से कर भुगतान करने का उत्तरदायी होगा, और इसके अतिरिक्त इस प्रकार निर्धारित कर का तीन गुना शास्ति का भुगतान भी करेगा।

दो संभागीय कार्यालयों[39], तीन क्षेत्रिय कार्यालयों[40] और पाँच वृत्त कार्यालयों[41] के अभिलेखों के नमूना लेखापरीक्षा जाँच (मई 2017 और नवम्बर 2017 के मध्य) में प्रकट

[39] **उप.आयु.**– ग्वालियर–2 और इंदौर–2।
[40] **सहा आयु.**– इंदौर–1, खंडवा एवं बैढ़न।
[41] **वा.क.अधि.**– भोपाल–1, ग्वालियर–3, इंदौर–10, सतना–2 और उज्जैन–2।

हुआ कि 10 व्यवसाईयों के 10 प्रकरणों में वर्ष 2014–15 कर निर्धारण के लिए जिनका कर निर्धारण अप्रैल 2016 और जनवरी 2017 के मध्य किया गया था, कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा केन्द्रीय विक्रय कर (सी.एस.टी.) अधिनियम के अन्तर्गत अनियमित रियायत प्रदान की गई।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि, छः प्रकरणों में कर निर्धारण प्राधिकारियों ने अन्तर्राज्यीय विक्रय पर रियायती दर से कर प्रपत्र 'ग' समर्थित घोषणा–पत्र के बिना स्वीकार किया, इसी प्रकार एक प्रकरण में कर निर्धारण प्राधिकारियों ने विक्रय में कटौती प्रपत्र ई–1 के न होने पर भी छूट स्वीकार की। कर निर्धारण प्राधिकारी ने एक प्रकरण में छूट प्रपत्र 'ग' पर बिना हस्ताक्षर के मान्य किया। एक प्रकरण में, कर निर्धारण प्राधिकारी ने अन्तर्राज्यीय विक्रय में छूट को प्रपत्र ई–1 एवं प्रपत्र 'ग' के सर्मथन के बिना त्रुटिपूर्ण रूप से स्वीकार किया जबकि प्रपत्र ई–1 समर्थित विक्रय कर निर्धारण वर्ष 2013–14 से संबंधित था। एक अन्य प्रकरण में, कर निर्धारण प्राधिकारी ने समान प्रकृति के प्रपत्र 'ग' समर्थित विक्रय के संबंध में त्रुटिपूर्ण रूप से छूट को स्वीकार किया। पुनः दो प्रकरणों में, कर निर्धारण प्राधिकारी ने विक्रय में छूट को, प्रपत्र 'ग' को TINXSYS पर सत्यापन के बिना मान्य किया। कर निर्धारण प्राधिकारियों ने चार प्रकरणों में पाँच प्रतिशत लागू होने वाले कर के स्थान पर दो प्रतिषत कर लागू किया और तीन प्रकरणों में 13 प्रतिषत लागू होने वाले कर के स्थान पर दो प्रतिशत कर लागू किया।

संबंधित कर निर्धारण प्राधिकारियों ने, अधिनियम में उपयुक्त दर से कर लगाने के स्पष्ट प्रावधानों की उपेक्षा करके उपयुक्त कर निर्धारण में त्रुटि की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.43 करोड़ कर कम प्राप्त हुआ तथा ₹ 26.30 लाख की शास्ति भी अनारोपित रही **(परिशिष्ट VII)**।

निर्गम सम्मेलन (अप्रैल 2019) के दौरान, विभाग ने बताया कि प्रपत्र 'ग' का सत्यापन किया जायेगा और यदि आवश्यक हुआ तो, प्रकरणों को पुनः खोलकर पुनः कर निर्धारण किया जायेगा।

वर्ष 2016–17 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में भी समान प्रकार की आपत्तियों को इंगित किया गया था। लेखापरीक्षा में यद्यपि कर निर्धारण प्राधिकारियों की ऐसी चूक का उल्लेख किया गया था, परन्तु ये अनियमितताएँ न केवल बनी रही, बल्कि लेखापरीक्षा होने तक अनदेखी रही।

लेखापरीक्षा ने प्रकरण शासन को प्रतिवेदित किया (जुलाई 2017 और जनवरी 2018 के मध्य) था, लेकिन अब तक (सितंबर 2019) कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

अधिकांश लेखापरीक्षा आपत्तियाँ इस प्रवृत्ति की हैं, कि समान त्रुटियाँ/चूक राज्य के सबंधित शासकीय विभागों की अन्य इकाईयों में भी पायी जा सकती हैं, परन्तु जिन्हें वर्ष के दौरान नमूना जाँच में शामिल नहीं किया गया। अतः विभाग/शासन अन्य सभी इकाईयों की आंतरिक जाँच यह सुनिश्चित करने के लिये कर सकते हैं कि वे नियमों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं।

अध्याय - 4
खनन प्राप्तियाँ

अध्याय 4
खनन प्राप्तियाँ

4.1 प्रस्तावना

खनिजों को मुख्य खनिज (लौह अयस्क, मैग्नीज़, सोना इत्यादि) और गौण खनिज (रेत, ग्रेनाईट, कंकड़, इमारती पत्थर इत्यादि) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। खनिजों की खुदाई के लिए खनन पट्टे[42] / उत्खनन पट्टे[43] एवं व्यापारिक खदान[44] के रूप में खदानों को आवंटित / स्वीकृत किया जाता है। राज्य में खनिजों पर रॉयल्टी का करारोपण एवं संग्रहण खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, खनिज रियायत नियम 1960, म.प्र. गौण खनिज नियम 1996, मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम) नियम, 2006 इत्यादि द्वारा निर्धारित होता है।

4.2 कर प्रशासन

खनिज संसाधन विभाग, प्रमुख सचिव, खनिज संसाधन, मध्य प्रदेश शासन के पूर्णतः अधीन कार्य करता है। संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म विभाग का प्रमुख होता हैं जिसकी सहायता मुख्यालय और ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर एवं रीवा में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों के उपसंचालकों द्वारा की जाती है। कलेक्टर जिला स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख है और जिला खनिज अधिकारी (जि.ख.अ.), सहायक खनिज अधिकारी (स.ख.अ.) एवं खनिज निरीक्षक (ख.नि.) उनके राजस्व संग्रहण संबंधी कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायता करते हैं। जि.ख.अ. / स.ख.अ और ख.नि. रॉयल्टी और अन्य खनन प्राप्तियों के निर्धारण, अधिरोपण और संग्रहण के लिए उत्तरदायी हैं। जि.ख.अ एवं ख.नि. खदानों का निरीक्षण तथा खनिजों के उत्पादन व प्रेषण की समीक्षा के लिए अधिकृत हैं। सभी 51 जिलों में, खनिज शाखा, कलेक्टर के निर्देशन में कार्य करती है।

4.3 लेखापरीक्षा के परिणाम

वर्ष 2017–18 के दौरान खनिज संसाधन विभाग की 54 लेखापरीक्षा योग्य चिन्हित इकाईयों में से 27 (50 प्रतिशत) इकाईयाँ (कार्यालय प्रमुख सचिव, खनिज संसाधन विभाग, मध्य प्रदेश शासन, कार्यालय संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म और 25 जिला खनिज कार्यालय) लेखापरीक्षा के लिये शामिल किये गये। वर्ष 2017–18 के दौरान विभाग द्वारा उत्पन्न कुल राजस्व ₹ 3,640.73 करोड़ था जिसमें से लेखापरीक्षित इकाईयों ने ₹ 1,052.81 करोड़ (लगभग 29 प्रतिशत) संग्रहित किये। वर्ष 2017–18 के दौरान लेखापरीक्षा में 2,711 प्रकरणों में ₹ 561.39 करोड़ के राजस्व की कम वसूली होने / वसूली नहीं होने एवं अन्य अनियमिताओं के प्रकरण संज्ञान में आए, जो निम्नानुसार **तालिका 4.1** में उल्लेखित श्रेणियों के अन्तर्गत आते हैं:

---

42 खनन पट्टा से आशय खनन संचालन के उद्देश्य से दिया गया पट्टा है और इसमें उक्त उद्देश्य हेतु स्वीकृत उप–पट्टा सम्मिलित है। यह मुख्य खनिजों के लिए दिया जाता है।

43 उत्खनन पट्टे से आशय गौण खनिजों के लिए खनन पट्टा है।

44 व्यापारिक खदान से आशय एक खदान से है, जिसके लिए 'कार्य का अधिकार' नीलाम किया जाता है।

तालिका 4.1

लेखापरीक्षा के परिणाम

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	श्रेणियाँ	प्रकरणों की संख्या	राशि
1	''मध्य प्रदेश में मुख्य खनिजों से राजस्व प्राप्तियाँ'' पर लेखापरीक्षा	252	207.07
2	वसूल न किया गया बकाया राजस्व	33	86.64
3	अनिवार्य किराया/रॉयल्टी का अनारोपण/कम आरोपण	295	24.29
4	ठेका राशि की अवसूली/कम वसूली	132	6.39
5	खदानों पर ग्रामीण अवसंरचना और सड़क विकास कर का अनारोपण/कम आरोपण	142	5.88
6	जिला खनिज फाउंडेशन (जि.ख.फा.) अभिदान की अवसूली/कम वसूली	01	2.70
7	विलम्बित भुगतानों पर ब्याज़ की अवसूली/कम वसूली	134	2.61
8	राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एन.एम.ई.टी.) निधि का वसूल न होना	16	0.49
9	अन्य (शास्ति का अनारोपण, पट्टा अनुबंधों पर मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस का अनारोपण आदि)	1,665	220.72
योग		**2,670**	**556.79**

इन प्रेक्षणों को मई 2017 से मई 2019 की अवधि के दौरान शासन तथा विभाग को प्रेषित किया गया। इन प्रकरणों में से विभाग ने 658 प्रकरण स्वीकार किए जिनमें ₹ 189.50 करोड़ की राशि निहित थी तथा ऐसे 549 प्रकरणों की समीक्षा करने का आश्वासन दिया जिनमें ₹ 80.26 करोड़ की राशि निहित थी। यद्यपि, विभाग द्वारा 37 प्रकरणों में राशि ₹ 27.87 लाख की वसूली की सूचना (सितम्बर 2019) दी गई।

4.4 पूर्व लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्यवाही

वर्ष 2012–13 से 2016–17 की अवधि के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में लेखापरीक्षा द्वारा 63 कंडिकाओं में ₹ 450.03 करोड़ के विभिन्न प्रेक्षणों को दर्शाया गया था, जिनमें से विभाग द्वारा केवल ₹ 3.46 करोड़ की वसूली की गई थी। इन 63 कंडिकाओं में से सितम्बर 2016 और जुलाई 2018 के मध्य 20 कंडिकायें[45] चर्चा हेतु लोक लेखा समिति (लो.ले.स.) द्वारा चुनी गईं। लो.ले.स. ने वर्ष 2012–13 से 2015–16 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की 20 कंडिकाओं पर चर्चा की। वर्ष 2012–13 से 2015–16 अवधि के सभी लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की सभी कंडिकाओं के संबंध में विभाग का उत्तर लो.ले.स. के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

लो.ले.स. ने वर्ष 2008–09, 2009–10, 2010–11 एवं 2011–12 की अवधि के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की समान कंडिकाओं पर अपनी अनुशंसा एवं दिशा–निर्देश (27वाँ प्रतिवेदन, 2014–15; 390वाँ प्रतिवेदन, 2016–17; 393वाँ प्रतिवेदन, 2016–17 और 386वाँ प्रतिवेदन, 2016–17) भी दिए जो इस प्रकार थे–

- प्रक्रियाओं और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के उल्लंघन के दोषी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने के बाद समिति को सूचित किया जाए।
- वसूली न करने अथवा समय पर उपयुक्त कार्यवाही न करने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभाग द्वारा दंडात्मक कार्यवाही करने के बाद समिति को सूचित किया जाए।

[45] 2012–13 (09), 2013–14 (03), 2014–15 (04), और 2015–16 (04)।

- सभी प्रकरणों में विभाग को अनुशंसा की तारीख से तीन माह के भीतर वसूली करना था।
- भविष्य में समान अनियमितताओं की पुनरावृत्ति को रोकना और आवश्यक आदेश जारी करना, जिसमें उत्तरदायी कर्मचारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ करना भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त अनुशंसाएँ थीं कि–

- लंबित बकाया राशि और ब्याज़ की वसूली के लिए विभाग द्वारा समय–सीमा निर्धारित की जानी थी।
- विभाग को लंबित राशि की वसूली के साथ–साथ लेखे से संभावित अवसूलनीय राशि के अपलेखन की कार्यवाही करनी थी।
- अवसूली के संबंध में सख्त निर्देश जारी किये जाने थे जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति न हो तथा वित्तीय हितों की रक्षा हेतु पर्याप्त उपाय सुनिश्चित हो सके।

तथापि, विभाग ने अनुशंसाओं का पालन नहीं किया है। शकधर समिति की अनुशंसाओं, जिन्हें म.प्र. शासन द्वारा स्वीकार किया गया था, के अनुसार नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के प्रेक्षणों पर विभाग के उत्तर, प्रतिवेदन को विधानसभा के पटल पर रखे जाने के तीन माह के भीतर प्रस्तुत किए जाने हैं और लो.ले.स. की अनुशंसाओं पर कार्यवाही छः महीने के भीतर की जानी है। यद्यपि, विभाग द्वारा इनका अनुसरण नहीं किया जा रहा है।

"मध्य प्रदेश में मुख्य खनिजों से खनन प्राप्तियाँ" विषय पर आधारित लेखापरीक्षा के लेखापरीक्षा निष्कर्ष, जिसमें राशि ₹ 207.07 करोड़ निहित हैं तथा महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर प्रकाश डालते हुए कुछ व्याख्यात्मक प्रकरण जिनमें ₹ 10.69 करोड़ की राशि निहित है, को आगामी परिच्छेदों में वर्णित किया गया है। सभी प्रेक्षण शासन तथा विभाग को प्रेषित किये गये थे।

4.5 "मध्य प्रदेश में मुख्य खनिजों से खनन प्राप्तियाँ" पर लेखापरीक्षा

4.5.1 परिचय

मध्य प्रदेश राज्य खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। राज्य में बॉक्साइट, कोयला, चूना पत्थर, मैंगनीज अयस्क, तांबा अयस्क, लौह अयस्क, रॉक फास्फेट, हीरा आदि महत्वपूर्ण मुख्य खनिज भंडार हैं। खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एम.एम.डी.आर.अधिनियम) और इसके अन्तर्गत बनाए गए नियम, खानों के विनियमन और मुख्य खनिजों के विकास को नियंत्रित करते है। एम.एम.डी.आर. संशोधन अधिनियम 2015 के अनुसार सभी खनन पट्टों को 50 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत किया जायेगा। संशोधन अधिनियम 2015 के प्रारंभ होने से पूर्व अनुदत्त सभी खनन पट्टों को भी 50 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत माना जाएगा। पट्टे की अवधि की समाप्ति पर पट्टे को अधिनियम में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार नीलामी के लिए प्रस्तावित किया जाएगा।

4.5.2 लेखापरीक्षा के उद्देश्य

लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से संपादित की गयी कि:

- नियंत्रण प्रणाली अस्तित्व में थी एवं राजस्व की हानि को प्रभावी ढंग से रोक रही थी; तथा
- अधिनियम, नियमों एवं विभागीय निर्देशों के प्रावधानों का शासकीय राजस्व की सुरक्षा के लिए यथोचित रुप से अनुपालन किया गया था।

4.5.3 लेखापरीक्षा मानदंड

विषयगत लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षा के मानदंड निम्नलिखित स्रोतों से प्राप्त किए गये:

- खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 (एम.एम.डी.आर. अधिनियम) एवं इसका संशोधन अधिनियम, 2015 (एम.एम.डी.आर. संशोधन अधिनियम);
- खनिज रियायत नियम, 1960 (एम.सी. नियम 1960);
- खनिज (परमाणु और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों से भिन्न) रियायत नियम, 2016 (एम.सी.नियम 2016);
- खनिज संरक्षण एवं विकास नियम, 1988 (एमसीडीआर);
- मध्य प्रदेश ग्रामीण अवसंरचना एवं सड़क विकास अधिनियम, 2005 एवं इसके अंतर्गत निर्मित नियम;
- भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899;
- मध्य प्रदेश खनिज नीति, 2010 (खनिज नीति); और
- केंद्र/राज्य शासन एवं संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म द्वारा जारी अधिसूचनाएँ तथा परिपत्र।

4.5.4 कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली

लेखापरीक्षा दिसंबर 2018 और जनवरी 2019 के मध्य की गई थी। राज्य में 51 जिला खनिज इकाईयाँ हैं, जिनमें से 21 जिलों में मुख्य खनिज पाए जाते हैं। राशि ₹ 7,055.50 करोड़ की राजस्व प्राप्ति वाली इन 21 इकाईयों में से राशि ₹ 6,461.30 करोड़ की राजस्व प्राप्ति वाली 13 इकाईयों[46] का स्ट्रेटीफाईड रेण्डम सेम्पलिंग विधि द्वारा चयन किया गया। उपरोक्त के अलावा, समग्र मूल्यांकन हेतु लेखापरीक्षा द्वारा दो शीर्ष इकाइयों[47] का भी चयन किया गया। मुख्य खनिजों से प्राप्त राजस्व के निर्धारण, करारोपण एवं संग्रहण से संबंधित अभिलेखों की जाँच हेतु लेखापरीक्षा द्वारा वर्ष 2015–16 से 2017–18 तक तीन वर्ष की अवधि को सम्मिलित किया गया।

दिनांक 22 नवम्बर 2018 को आयोजित एक आगम सम्मेलन में लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र एवं कार्यप्रणाली पर विभाग के प्रमुख सचिव समक्ष व्याख्या की गई। लेखापरीक्षा के समापन पर शासन एवं विभाग को 23 मई 2019 को एक प्रारूप प्रतिवेदन प्रेषित किया गया एवं दिनांक 20 अगस्त 2019 को विभाग के प्रमुख सचिव के साथ निर्गम सम्मेलन में इस पर चर्चा भी की गई। विभाग से प्राप्त (सितम्बर 2019) उत्तरों को समुचित रुप से संबंधित अनुच्छेदों में शामिल किया गया है। यद्यपि, प्रारूप प्रतिवेदन पर शासन का उत्तर अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

4.5.5 प्राप्तियों की प्रवृत्ति

मुख्य खनिजों की प्राप्तियों में प्रमुख रुप से राज्यांश एवं अन्य प्राप्तियाँ जैसे आवेदन शुल्क, भू–भाटक, ब्याज, अनुज्ञप्ति शुल्क, शास्ति, सतह किराया आदि है। वर्ष 2015–16 से वर्ष 2017–18 की अवधि की कुल प्राप्तियाँ **चार्ट 4.1** में दर्शायी गई हैं :

---

46 **जिला खनिज कार्यालय** अनूपपुर, बालाघाट, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, धार, जबलपुर, झाबुआ, कटनी, रीवा, सतना, सिंगरौली एवं हीरा अधिकारी पन्ना।

47 संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म एवं प्रमुख सचिव, खनिज संसाधन विभाग।

चार्ट 4.1

वर्ष 2015–16 से 2017–18 के दौरान खनन प्राप्तियाँ



	मुख्य खनिजों से प्राप्त राजस्व	गौण खनिजो से प्राप्त राजस्व	कल राजस्व	मुख्य खनिज का कुल राजस्व में प्रतिशत
2015-16	2,476.25	572.85	3,049.10	81.21
2016-17	2,386.04	776.56	3,162.60	75.44
2017-18	2,668.67	982.06	3,650.73	73.10

मुख्य खनिजों की प्राप्तियों का खनिजवार अंश

मुख्य खनिजों से वर्ष 2015–16 से 2017–18 की अवधि के दौरान शुद्ध खनन प्राप्तियाँ[48] ₹ 6,908.15 करोड़[49] के विरूद्ध मुख्य खनिजों की प्राप्तियों का खनिजवार अंश **चार्ट 4.2** में दर्शाया है:

चार्ट 4.2

2015–16 से 2017–18 के दौरान मुख्य खनिज–वार प्राप्तियाँ



[48] 'शुद्ध खनन प्राप्तियों' में आवेदन शुल्क, ब्याज, अनुज्ञप्ति शुल्क, शास्ति, सतह किराया इत्यादि शामिल नहीं है।

[49] संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म द्वारा प्रदत्त जानकारी।

उपर्युक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि शासन ने मुख्य खनिजों की खनन प्राप्तियों का 82 प्रतिशत कोयले से अर्जित किया जबकि अन्य मुख्य खनिजों से मात्र 18 प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति हुई ।

राजस्व संग्रह की प्रक्रिया

विभाग में राजस्व के निर्धारण, आरोपण एवं संग्रहण का प्रवाह चार्ट नीचे दिया गया है :



लेखापरीक्षा निष्कर्ष

लेखापरीक्षा के दौरान अवलोकित प्रणाली एवं अनुपालन की कमियों को आगामी परिच्छेदों में दिया गया है:

4.5.6 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

